ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

बन्दोवस्ती सूचना

निदेशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करना है कि ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय परिसर स्थित आम, लीची, बेल, नारियल एवं कटहल फलों की बन्दोवस्ती(आवासीय परिसर छोड़कर) **दिनांक 27.02.2026** को अपराहन् 1:00 बजे कुलसचिव महोदय के कार्यालीय कक्ष में क्रय–विक्रय उप–समिति के समक्ष आम–डाक माध्यम से की जाएगी।

इच्छुक व्यक्ति उपर्युक्त डाक में सम्मिलित होकर निम्नांकित शर्त्ताधीन बन्दोवस्ती प्राप्त कर सकते है।

1. फलों की बन्दोवस्ती एक वर्ष अर्थात 2026 तक के लिए की जाएगी।
2. जिसका न्यूनतम मूल्य पूर्व बन्दोवस्ती मूल्य 3,23,092/–(तीन लाख तईस हजार बानवे) रु0 में 10% की वृद्धि करते हुए 3,55,401/–(तीन लाख पचपन हजार चार सौ एक) रु0 निर्धारित है।
3. डाक में भाग लेने हेतु प्रत्येक डाकवक्ता डाक के पूर्व आवेदन के साथ आधार कार्ड तथा 72000/–(बहत्तर हजार) रु0 अग्रधन राशि का ड्राफ्ट (रजिस्ट्रार, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के नाम निर्गत) बंद लिफाफा में जमा कर सकते है। डाक समाप्ति के उपरान्त असफल डाक वक्ता को जमा अग्रधन राशि का ड्राफ्ट तत्काल वापस कर दी जाएगी तथा उच्चतम डाकवक्ता/सफल डाकवक्ता का अग्रधन राशि विश्वविद्यालय कोष में जमा कर दिया जाएगा, जिसका समायोजन बन्दोवस्ती राशि के साथ किया जाएगा।
4. डाक में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संवेदक अपना आवेदन दिनांक 16.02.2026 से लेकर 25.02.2026 तक आवेदन कुलसचिव कार्यालय में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. सफल डाकवक्ता को बन्दोवस्ती पत्र निर्गत तिथि से एक सप्ताह के अन्दर एक मुश्त राशि विश्वविद्यालय भू–सम्पदा कोष में जमा करना अनिवार्य होगा।
6. फलों के वृक्षों पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव के क्रम में जलाशय की मछलियों पर कोई बुरा असर न हो इसका विशेष ध्यान रखना होगा।
7. आवासीय परिसर एवं कुलपति आवास से सटे पश्चिम तिनकोनियाँ पथ के बीच स्थित फलदार वृक्ष इस बन्दोवस्ती से अलग रहेगा।
8. फल तोड़ने से पूर्व भू–सम्पदा विभाग से पूर्वानुमति लेना अनिवार्य होगा।
9. प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति विश्वविद्यालय स्तर से अनुमान्य नहीं होगा।

अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय बिना कारण बताये इस बन्दोवस्ती को रद्द/स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से,

विश्वासभाजन

ह0/–

कुलसचिव

ज्ञापांक : Bt. 5357/26

दिनांक: 16/02/2026

प्रतिलिपि प्रेषितः

(1) पूर्व के सभी संवेदक को,
(2) सार्वजनिक स्थल पर चिपकाने हेतु।
(3) नगर आयुक्त, नगर निगम दरभंगा।
(4) स्थानीय सभी सरकारी संस्थाओं को,
(5) प्रभारी पदाधिकारी, आई0टी0 सेल, ल0ना0 मिथिला वि0वि0, दरभंगा को विश्वविद्यालय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु;
(6) अंचलाधिकारी, सदर दरभंगा
(7) कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

16/02/2026

16/2/2026

कुलसचिव